**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

**OMR Sheet No. :** ........................................................
(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________
(In words)

**D 5 0 1 5**

# PAPER - III
# INDIAN CULTURE

**Time : 2½ hours]** **[Maximum Marks : 150**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **75**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।

# INDIAN CULTURE
## PAPER - III

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**1.** Which of the following mesolithic sites has yielded the extensive evidence of huts ?
(1) Baghai Khor (2) Birbhanpur (3) Chopni Mando (4) Lekhania

**2.** The earliest archaeological evidence for silk in India comes from :
(1) Ahar (2) Navdatoli (3) Nevasa (4) Prakash

**3.** Which of the following Harappan sites have yielded evidence of large popularity of Mother goddess ?
(a) Harappa
(b) Mohenjodaro
(c) Kalibangan
(d) Ropar
Choose the **correct** answer from the code below :
(1) (a) and (b) (2) (b) and (c) (3) (c) and (d) (4) (a) and (d)

**4.** Which of the following is the most extensive Harappan sites ?
(1) Banawali (2) Kalibangan (3) Lothal (4) Rakhigarhi

**5.** Which of the following books of the Rigveda contains the mantras of the seers of Vasishtha family ?
(1) Book III (2) Book V (3) Book VII (4) Book VIII

**6.** During the time of Vedic Sutras which of the following rituals was intended to secure good luck to maiden in marriage ?
(1) Rudrabali (2) Rudrayaga (3) Sitayajna (4) Sulagava

**7.** The Gautama Dharmasutra lays down hightest punishment for the crime of theft to :
(1) Brahmana (2) Kshatriya (3) Vaisya (4) Sudra

**8.** Below are given two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other as **Reason (R) :**
**Assertion (A)** : Sakyas had built a Stupa on the relics of Gautama Buddha.
**Reason (R)** : Sakyas had got a share in the relics of Gautama Buddha after his funeral ceremony.
In the context of the above two statements which of the following is **correct** ?
(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(3) **(A)** is true but **(R)** is false.
(4) **(A)** is false but **(R)** is true.

## भारतीय संस्कृति
## प्रश्नपत्र – III

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर (75)** बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**1.** निम्नलिखित में किस मध्यपाषाणिक स्थल से झोपड़ियों का विस्तृत साक्ष्य मिला है?
(1) बघाई खोर (2) बीरभानपुर (3) चोपनी मांडो (4) लेखनिया

**2.** भारत में रेशम का प्राचीनतम पुरातात्त्विक साक्ष्य कहाँ से मिला है?
(1) आहड़ (2) नावदाटोली (3) नेवासा (4) प्रकाश

**3.** हड़प्पा संस्कृति के किस निम्नलिखित स्थल से मातृदेवी की व्यापक लोकप्रियता का साक्ष्य प्राप्त हुआ है?
(a) हड़प्पा
(b) मोहेनजोदाड़ो
(c) कालीबंगा
(d) रोपड़
नीचे के कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :
(1) (a) एवं (b) (2) (b) एवं (c) (3) (c) एवं (d) (4) (a) एवं (d)

**4.** निम्नलिखित में से कौन सर्वाधिक विस्तृत हड़प्पीय स्थल है?
(1) बनावली (2) कालीबंगा (3) लोथल (4) राखीगढ़ी

**5.** ऋग्वेद के निम्नलिखित किस मंडल में वसिष्ठ कुल के ऋषियों के मंत्र हैं?
(1) मंडल III (2) मंडल V (3) मंडल VII (4) मंडल VIII

**6.** वैदिक सूत्रों के काल में निम्नलिखित में से कौन सा अनुष्ठान विवाह में कन्या के सौभाग्य के लिए अभीष्ट था?
(1) रुद्रबलि (2) रुद्रयाग (3) सीतायज्ञ (4) शूलगव

**7.** गौतम धर्मसूत्र ने चोरी के अपराध में किसके लिए सर्वाधिक दंड का विधान किया है?
(1) ब्राह्मण (2) क्षत्रिय (3) वैश्य (4) शूद्र

**8.** नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं। एक को **कथन (A)** तथा दूसरे को **कारण (R)** कहा गया है :
**कथन (A) :** शाक्यों ने गौतम बुद्ध की धातुओं पर एक स्तूप का निर्माण किया था।
**कारण (R) :** शाक्यों को गौतम बुद्ध की अन्त्येष्टि के बाद उनकी धातुओं में हिस्सा मिला था।
उपर्युक्त दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में कौन **सही** हैं ?
(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(A)** की सही व्याख्या **(R)** है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं किन्तु **(A)** की सही व्याख्या **(R)** नहीं है।
(3) **(A)** सही है किन्तु **(R)** गलत है।
(4) **(A)** गलत है किन्तु **(R)** सही है।

9. The famous physician of Magadha during the time of Gautama Buddha was :
(1) Agnivesa (2) Kasyapa (3) Jivaka (4) Vagbhata

10. Where did Gautama Buddha spent his last rainy season ?
(1) Nalanda (2) Rajagriha (3) Vaisali (4) Sravasti

11. Which of the following Mauryan pillars had lion capital ?
(a) Sarnath Pillar
(b) Sanchi Pillar
(c) Lauriya Nandangarh Pillar
(d) Kolhua Pillar
Select the **correct** answer from the code below :
(1) (a) and (b) only (2) (a) and (c) only
(3) (b), (c) and (d) (4) (a), (b), (c) and (d)

12. Who among the following Mahabharata ladies was married according to the custom of Asura Vivaha ?
(1) Draupadi (2) Gandhari (3) Madri (4) Kunti

13. Which of the following ancient texts provides examples of Polygamy, Polyandry and Levirate ?
(1) Aitareya Brahmana (2) Divyavadana
(3) Mahabharata (4) Ramayana

14. Which of the ancient ports was situated on the mouth of the river Tamraparni ?
(1) Korkai (2) Puhar (3) Saliyur (4) Tondi

15. Who wrote Maduraikkanji ?
(1) Avur Mulangilar (2) Kalladanar
(3) Mangudi Marudan (4) Nakkirar

16. Which of the following rock-cut Chaitya halls of Western India is considered as the earliest ?
(1) Ajanta (2) Bhaja (3) Karle (4) Kondane

17. Where did Upasika Bodhisiri construct a Chaityagriha enshrining a Stupa for the exclusive use of the Theravadin acharyas of Sri Lanka ?
(1) Bodhagaya (2) Sarnath
(3) Sanchi (4) Nagarjunakonda

18. An inscription from Sarnath is dated in the year 154 of Kumaragupta. Which among the following is its corresponding year ?
(1) A.D. 211 (2) A.D. 232 (3) A.D. 394 (4) A.D. 473

19. Which one of the following does **not** figure in the Puranic list of the Kulaparvatas ?
(1) Himalaya (2) Vindhya (3) Pariyatra (4) Mahendra

**9.** गौतम बुद्ध के समय मगध का प्रसिद्ध चिकित्सक कौन था ?

(1) अग्निवेश (2) कश्यप (3) जीवक (4) वाग्भट

**10.** बुद्ध ने अपना अन्तिम वर्षावास कहाँ बिताया ?

(1) नालन्दा (2) राजगृह (3) वैशाली (4) श्रावस्ती

**11.** निम्नलिखित मौर्य स्तम्भों में कौन सिंहशीर्ष से युक्त थे ?

(a) सारनाथ स्तम्भ
(b) साँची स्तम्भ
(c) लौरिया नन्दनगढ़ स्तम्भ
(d) कोल्हुआ स्तम्भ

नीचे के कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिये :

(1) केवल (a) और (b) (2) केवल (a) एवं (c)
(3) (b), (c) एवं (d) (4) (a), (b), (c) एवं (d)

**12.** महाभारत की निम्नलिखित महिलाओं में किसका विवाह आसुर विवाह की प्रथा के अनुसार हुआ था ?

(1) द्रौपदी (2) गन्धारी (3) माद्री (4) कुन्ती

**13.** किस निम्नलिखित प्राचीन ग्रंथ में बहुपत्नीत्व, बहुपतित्व एवं नियोग के उदाहरण प्राप्त होते हैं ?

(1) ऐतरेय ब्राह्मण (2) दिव्यावदान (3) महाभारत (4) रामायण

**14.** निम्नलिखित में से कौन सा प्राचीन पत्तन ताम्रपर्णी नदी के मुहाने पर स्थित था ?

(1) कोरकै (2) पुहार (3) शालियूर (4) तोंडी

**15.** मदुरैक्कांजि की रचना किसने की ?

(1) आवूर मूलांगिलार (2) कल्लाडनार (3) मांगुडि मरुदन (4) नक्कीरर

**16.** पश्चिम भारत के निम्नलिखित शैलकृत्त चैत्यगृहों में किसे सबसे पहले का माना जाता है ?

(1) अजन्ता (2) भाजा (3) कार्ले (4) कोंडाने

**17.** उपासिका बोधिसिरि ने कहाँ पर श्रीलंका के थेरवादी आचार्यों के लिए स्तूपयुक्त एक चैत्यगृह का निर्माण करवाया था ?

(1) बोधगया (2) सारनाथ (3) साँची (4) नागार्जुनकोंड

**18.** सारनाथ से प्राप्त एक अभिलेख की तिथि है कुमारगुप्त का वर्ष 154। निम्नलिखित में से कौन उसका समनुरूप वर्ष है ?

(1) ई. 211 (2) ई. 232 (3) ई. 394 (4) ई. 473

**19.** निम्नलिखित में से कौन पौराणिक कुलपर्वतों की सूची में सम्मिलित **नहीं** है ?

(1) हिमालय (2) विन्ध्य (3) पारियात्र (4) महेन्द्र

**20.** Who among the following wrote commentary on the Manusmriti ?

(a) Apararka

(b) Kulluka Bhatta

(c) Medhatithi

(d) Vijnanesvara

Select the **correct** answer from the code below :

(1) (a) and (b) (2) (b) and (c)

(3) (c) and (d) (4) (a), (b) and (c)

**21.** Which one of the following pairs is **not** correctly matched ?

(1) Ballalasena - Danasagara (2) Bhoja - Samarangana Sutradhara

(3) Harsha - Saundarananda (4) Somesvara III - Manasollasa

**22.** "To die after ones beloved is most fruitless, it is a custom followed by the foolish". Such a vehement opposition was offered to the custom of anumarana by :

(1) Manu (2) Kalidasa (3) Banabhatta (4) Devanabhatta

**23.** Who among the following was the sculptor of the Colossal Parinirvana image of Kusinagar ?

(1) Dinna (2) Haribala (3) Jayagupta (4) Suvira

**24.** The earliest Jain bronzes were discovered from :

(1) Chausa (2) Mathura (3) Nalanda (4) Sravana Belgola

**25.** The Kalki incarnation of Vishnu is represented in art as :

(1) killing Narakasura (2) hurling Sudarsana Chakra

(3) preaching seers (4) riding a horse

**26.** Who among the following writers called himself 'Kalikala - Valmiki' ?

(1) Kalidasa (2) Bhavabhuti

(3) Rajasekhara (4) Sandhyakara Nandin

**27.** Which one of the following plays is partly preserved in a stone inscription at Ajmer ?

(1) Karpuramanjari (2) Lalita Vigraharaja Nataka

(3) Mattavilasa Prahasana (4) Ratnavali

**28.** A reference to parents consulting an astrologer for the marriage of their daughters occurs for the first time in :

(1) Buddhacharita of Asvaghosha (2) Malavikagnimitra of Kalidasa

(3) Pratima nataka of Bhasa (4) Dasakumaracharita of Dandin

**20.** मनुस्मृति पर निम्नलिखित में से किसने टीका लिखी ?

(a) अपरार्क

(b) कुल्लूक भट्ट

(c) मेधातिथि

(d) विज्ञानेश्वर

नीचे के कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिये :

(1) (a) एवं (b) (2) (b) एवं (c)

(3) (c) एवं (d) (4) (a), (b) एवं (c)

**21.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित **नहीं** है ?

(1) बल्लालसेन - दानसागर (2) भोज - समरांगणसूत्रधार

(3) हर्ष - सौन्दरानन्द (4) सोमेश्वर III - मानसोल्लास

**22.** ''अपने प्रिय के मरने पर मृत्यु को अंगीकार कर लेना कोई फल नहीं देता; मूर्ख इस प्रथा का पालन करता है''। अनुमरण प्रथा का इस प्रकार का तीव्र विरोध किसने प्रस्तुत किया ?

(1) मनु (2) कालिदास (3) बाणभट्ट (4) देवणभट्ट

**23.** कुशीनगर की विशाल परिनिर्वाण प्रतिमा का शिल्पी निम्नलिखित में से कौन था ?

(1) दिन्न (2) हरिबल (3) जयगुप्त (4) सुवीर

**24.** प्राचीनतम जैन कांस्य मूर्तियाँ कहाँ से मिली थीं ?

(1) चौसा (2) मथुरा (3) नालन्दा (4) श्रवण बेलगोला

**25.** कला में विष्णु के कल्की अवतार को किस तरह प्रस्तुत करते हैं ?

(1) नरकासुर को मारते हुए (2) सुदर्शन चक्र फेकते हुए

(3) ऋषियों को उपदेश करते हुए (4) घोड़े पर बैठे हुए

**26.** निम्नलिखित लेखकों में से किसने स्वयं को 'कलिकाल-वाल्मीकि' कहा है ?

(1) कालिदास (2) भवभूति

(3) राजशेखर (4) संध्याकर नन्दिन्

**27.** निम्नलिखित में से कौन सा रूपक अजमेर के एक अभिलेख में अंशत: सुरक्षित है ?

(1) कर्पूरमंजरी (2) ललित विग्रहराज नाटक

(3) मत्तविलास प्रहसन (4) रत्नावली

**28.** अपनी कन्या के विवाह हेतु माता-पिता द्वारा दैवज्ञ से परामर्श करने का संदर्भ पहली बार कहाँ मिलता है ?

(1) अश्वघोष कृत बुद्धचरित (2) कालिदास कृत मालविकाग्निमित्र

(3) भास कृत प्रतिमा नाटक (4) दंडी कृत दशकुमारचरित

29. The Huna princess Avalladevi was a queen of :

(1) Dharmapala (2) Gangeyadeva
(3) Karna (4) Prithviraja Chauhan

30. Who among the following Rashtrakuta rulers built the city of Manyakheta and established his capital there ?

(1) Krishna I (2) Dhruva (3) Govinda III (4) Amoghavarsha

31. Which of the following temples of Odisha was built by Koladevi, the mother of the Somavamsi king Udyotakesari ?

(1) Ananta Vasudeva temple (2) Brahmesvara temple
(3) Muktesvara temple (4) Rajarani temple

32. Which of the following Orissan temples is an example of Khakhara type ?

(1) Lingaraja temple (2) Parasuramesvara temple
(3) Jagannatha temple (4) Vaital Deul temple

33. Which of the following Khajuraho temples are made partly of granite and partly of sandstone ?

(a) Chausatha yogini temple
(b) Brahma temple
(c) Lakshmana temple
(d) Kandaria Mahadeva temple

Select the **correct** answer from the code below :

(1) (a) and (b) (2) (c) and (d) (3) (a), (b) and (c) (4) (b), (c) and (d)

34. In the art of which of the following temples, a large number of Karanas (dance poses) mentioned in the Natyasastra of Bharata have been represented ?

(1) Shore temple of Mamallapuram (2) Kailasanatha temple of Kanchi
(3) Kailasa temple of Ellora (4) Brihadisvara temple of Thanjavur

35. Match **List - I** with **List - II** and select the **correct** answer from the code given below the lists :

| | **List - I (Acharya)** | | **List - II (Religion)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Umasvati | (i) | Buddhism |
| (b) | Lakulisa | (ii) | Jainism |
| (c) | Nathamuni | (iii) | Saivism |
| (d) | Vasubandhu | (iv) | Vaishnavism |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**29.** हूण राजकुमारी आवल्लदेवी किसकी रानी थी ?

(1) धर्मपाल (2) गांगेयदेव (3) कर्ण (4) पृथ्वीराज चौहान

**30.** निम्नलिखित राष्ट्रकूट राजाओं में से किसने मान्यखेट नगर बसाया और वहाँ अपनी राजधानी स्थापित की ?

(1) कृष्ण I (2) ध्रुव (3) गोविन्द III (4) अमोघवर्ष

**31.** सोमवंशी राजा उद्योतकेसरी की माता कोलादेवी ने उड़ीशा के किस निम्नलिखित मन्दिर का निर्माण किया था ?

(1) अनन्त वासुदेव मन्दिर
(2) ब्रह्मेश्वर मन्दिर
(3) मुक्तेश्वर मन्दिर
(4) राजारानी मन्दिर

**32.** उड़ीशा के निम्नलिखित मन्दिरों में कौन खाखरा प्रकार के मन्दिर का उदाहरण है ?

(1) लिंगराज मन्दिर
(2) परशुरामेश्वर मन्दिर
(3) जगन्नाथ मन्दिर
(4) वैताल देउल मन्दिर

**33.** खजुराहो के निम्नलिखित मन्दिरों में कौन अंशत: कणाश्म (ग्रेनाइट) और अंशत: बालुकाश्म (सैंडस्टोन) के बने हैं ?

(a) चौसठ योगिनी मन्दिर
(b) ब्रह्मा मन्दिर
(c) लक्ष्मण मन्दिर
(d) कन्दारिया महादेव मन्दिर

नीचे के कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (a) एवं (b) (2) (c) एवं (d) (3) (a), (b) एवं (c) (4) (b), (c) एवं (d)

**34.** निम्नलिखित में से किस मन्दिर की कला में भरत के नाट्यशास्त्र में वर्णित बहुसंख्यक करणों (नृत्यमुद्राओं) का प्रदर्शन हुआ है ?

(1) मामल्लपुरम का तटीय मन्दिर
(2) काँची का कैलासनाथ मन्दिर
(3) एलोरा का कैलास मन्दिर
(4) तंजावुर का बृहदीश्वर मन्दिर

**35.** **सूची** - **I** को **सूची**- **II** से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिये :

| **सूची - I (आचार्य)** | | **सूची - II (धर्म)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | उमास्वाति | (i) | बौद्धधर्म |
| (b) | लकुलीश | (ii) | जैनधर्म |
| (c) | नाथमुनि | (iii) | शैवधर्म |
| (d) | वसुबन्धु | (iv) | वैष्णवधर्म |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**36.** Who among the following systems did **not** believe in rebirth ?

(1) Buddhism (2) Charvaka (3) Jainism (4) Vedanta

**37.** Who among the following boldly stood by the Vedic religion and opposed the theory of Sunyavada ?

(1) Gaudapada (2) Kumarila (3) Ramanuja (4) Yamunacharya

**38.** Who among the following Rashtrakuta kings is known to have performed Tulapurushadana ?

(1) Dantidurga (2) Dhruva (3) Govinda III (4) Amoghavarsha

**39.** Who among the following Chaulukya rulers is said to have forbidden animal sacrifice in Gujarat ?

(1) Bhima (2) Siddharaja (3) Kumarapala (4) Ajayapala

**40.** Below are given two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other as **Reason (R)** :

**Assertion (A)** : Kalhana calls king Harsha a Turushka.

**Reason (R)** : Harsha confiscated the temple treasured and destroyed Deva images.

In the context of the above two statements which of the following is **correct** ?

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

**41.** Match **List - I** with **List - II** and select the **correct** answer from the code given below the lists :

| | **List - I (Works)** | | **List - II (Authors)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Rasendrachudamani | (i) | Bhaskaracharya |
| (b) | Ratnapariksha | (ii) | Bhoja |
| (c) | Salihotra | (iii) | Buddha Datta |
| (d) | Siddhantasiromani | (iv) | Somadeva |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**36.** निम्नलिखित मतों में कौन सा मत पुनर्जन्म को **नहीं** मानता था ?

(1) बौद्धधर्म (2) चार्वाक (3) जैनधर्म (4) वेदान्त

**37.** निम्नलिखित में से किसने वैदिक धर्म का दृढ़ता से समर्थन किया और शून्यवाद के सिद्धान्त का विरोध किया ?

(1) गौडपाद (2) कुमारिल (3) रामानुज (4) यामुनाचार्य

**38.** निम्नलिखित राष्ट्रकूट राजाओं में से किसने तुलापुरुषदान का सम्पादन किया ?

(1) दन्तिदुर्ग (2) ध्रुव (3) गोविन्द III (4) अमोघवर्ष

**39.** निम्नलिखित चौलुक्य राजाओं में किसके लिए कहा गया है कि उसने गुजरात में पशुबलि को निषिद्ध कर दिया था ?

(1) भीम (2) सिद्धराज (3) कुमारपाल (4) अजयपाल

**40.** नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं। एक को **कथन (A)** और दूसरे को **कारण (R)** कहा गया है :

**कथन (A) :** कल्हण राजा हर्ष को तुरुष्क कहते हैं।

**कारण (R) :** हर्ष ने मन्दिर की निधियों का अधिग्रहण कर लिया और देव मूर्तियों को नष्ट किया।

उपर्युक्त दोनों वक्तव्यों के सन्दर्भ में कौन **सही** है ?

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(A)** की सही व्याख्या **(R)** है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं किन्तु **(A)** की सही व्याख्या **(R)** नहीं है।

(3) **(A)** सही है किन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है किन्तु **(R)** सही है।

**41.** **सूची** - **I** को **सूची**- **II** से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिये :

| | **सूची - I** **( कृतियाँ )** | | **सूची - II** **( लेखक )** |
|---|---|---|---|
| (a) | रसेन्द्रचूड़ामणि | (i) | भास्कराचार्य |
| (b) | रत्नपरीक्षा | (ii) | भोज |
| (c) | शालिहोत्र | (iii) | बुद्धदत्त |
| (d) | सिद्धान्तशिरोमणि | (iv) | सोमदेव |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**42.** Below are given two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other as **Reason (R)** :

**Assertion (A)** : Vedic education was encouraged by the Chola rulers.

**Reason (R)** : A donor in the reign of Rajaraja II assigned certain lands for maintenance of Brahmana students of Vedanta coming from the Malayalam Country.

In the light of the above two statements, which one of the following is **correct** ?

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.
(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

**43.** The Sailendra ruler who completed the Chudamani Vihar started earlier by his father at Nagipatam was :

(1) Balaputradeva (2) Maravijayottunga Varman
(3) Samaragravira (4) Trailokyaraja

**44.** Angkor Vat, the grandest monument in Cambodia was originally dedicated to :

(1) Buddha (2) Tara (3) Siva (4) Vishnu

**45.** The Kuchian monk, who is considered the first to interpret Mahayana Buddhism in China, was :

(1) Jinagupta (2) Kumarajiva (3) Paramartha (4) Sanghabhuti

**46.** Which one of the following statements is **not** correct about *mahzar* issued by Akbar in 1579 ?

(1) Shaikh Mubarak drafted the *mahzar*.
(2) It declared the rank of *sultan - i - Adil* (just-king) higher than *mujtahid* (interpreter of law).
(3) The document was signed by leading Ulama Shaikh Abdun Nabi and *Makhdum - ul - Mulk.*
(4) Hakim - ul - Mulk and Sadr - i -Jahan Mufti declared that their seals were obtained under duress.

**47.** Under the patronage of the famous Sultan Zain-ul Abidin of Kashmir, Bhattavatara composed *Zaina Vilas* a history of Kashmir, on the model of :

(1) Firdausi's *Shahnama* (2) Shrivara's *Kathakautuka*
(3) Amir Khusrau's *Ijaz - i - Khusravi* (4) Abdur Rahman's *Sandesharasaka*

**48.** Consider the following pairs of astronomers and the rulers under whose patronage they flourished. Select the one which is **not** correctly matched :

| | **Astronomer** | **Ruler** |
|---|---|---|
| (1) | Mahendra Suri | Firuz Shah Tughluq |
| (2) | Fariduddin Munnajam Dehlavi | Humayun |
| (3) | Mulla Chand | Akbar |
| (4) | Mahmud Jaunpuri | Shahjahan |

**42.** नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं। एक को **कथन (A)** तथा दूसरे को **कारण (R)** कहा गया है :

**कथन (A) :** चोल राजाओं ने वैदिक शिक्षा को प्रोत्साहन दिया।

**कारण (R) :** राजराज II के शासनकाल में एक दाता ने मलयालम देश से आनेवाले वेदान्त के ब्राह्मण छात्रों के निर्वाह के लिए भूमिदान दिये थे।

उपर्युक्त दोनों वक्तव्यों के सन्दर्भ में कौन **सही** है ?

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(A)** की सही व्याख्या **(R)** है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं किन्तु **(A)** की सही व्याख्या **(R)** नहीं है।

(3) **(A)** सही है किन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है किन्तु **(R)** सही है।

**43.** वह शैलेन्द्र राजा कौन था जिसने नागिपटम् में अपने पिता द्वारा पहले आरम्भ किये गये चूड़ामणि विहार के निर्माण को पूर्ण किया ?

(1) बालपुत्रदेव (2) मारविजयोत्तुंग वर्मन् (3) समराग्रवीर (4) त्रैलोक्यराज

**44.** कम्बोडिया का भव्यतम स्मारक अंगकोर वाट मूलत: किसको समर्पित था ?

(1) बुद्ध (2) तारा (3) शिव (4) विष्णु

**45.** कूचा का वह भिक्षु, जिसे चीन में महायान बौद्धधर्म की सर्वप्रथम व्याख्या करने वाला माना जाता है, कौन था ?

(1) जिनगुप्त (2) कुमारजीव (3) परमार्थ (4) संघभूति

**46.** 1579 में अकबर के द्वारा जारी *महज़र* के संबंध में निम्नांकित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है ?

(1) शेख मुबारक ने *महज़र* का प्रारूप तैयार किया।

(2) इसमें *सुल्तान-ए-आदिल* (न्यायप्रिय राजा) के दर्जे को *मुज़तहिद* (कानून की व्याख्या करने वाला) से उच्च घोषित किया।

(3) इस दस्तावेज पर अग्रणी उलेमा शेख अब्दुन नबी तथा *मखदूम-उल-मुल्क* द्वारा हस्ताक्षर किया गया था।

(4) हाकिम-उल-मुल्क तथा सद्र-ए-जहां मुफ्ती ने यह घोषणा की कि उनकी मुहर दबाव डालकर ली गई थी।

**47.** कश्मीर के प्रसिद्ध सुल्तान जैन-उल आबिदीन के संरक्षण में भट्टवतारा ने *'ज़ैन विलास'*, नामक कश्मीर के इतिहास की रचना की, जो निम्नांकित में से किस मॉडल पर लिखा गया था ?

(1) फिरदौसी का *शाहनामा* (2) श्रीवर का *कथाकौतुक*

(3) अमीर खुसरो का *इजाज-ए-खुसरवी* (4) अब्दुर रहमान का *संदेशरसक*

**48.** खगोलशास्त्रियों तथा शासकों, जिनके संरक्षण में वे फले-फूले, के निम्नांकित युग्मों पर विचार करें। उस युग्म का चयन करें जो सुमेलित **नहीं** है :

| | **खगोलशास्त्री** | **शासक** |
|---|---|---|
| (1) | महेन्द्र सूरी | फिरोज़ शाह तुगलक |
| (2) | फरीदुद्दीन मुनज्जम देहलवी | हुमायूं |
| (3) | मुल्ला चांद | अकबर |
| (4) | महमूद जौनपुरी | शाहजहां |

**49.** Which of the following statement is **not** correct ?
(1) Dakhni Urdu in its standardised literary form was first developed under the patronage of Bahmani rulers.
(2) Gesu Daraz's *Miraj-ul Ashiqin* is one of the earliest works written in Dakhni Urdu.
(3) Mulla Daud composed *Chandayan* in Dakhni Urdu.
(4) Till the 18th century Urdu was called by various names - Hindavi, Dakhni, Hindustani, Rekhta.

**50.** Which one of the following statements is **not** correct ?
(1) Emperor Akbar forbode the use of beef as the cow was considered a sacred animal for the Hindus.
(2) When a mughal official Haji Sultan of Thanesar killed a cow, he was transferred from the place as punishment.
(3) Aquavira's letter dated september 27, 1582 complained that the Jesuits were unable to gets meat on sundays.
(4) Emperor Aurengzib encouraged the public to eat beef.

**51.** Where are the duties of the Khalsa Sikhs in relation to the *dharmsala (gurudwara)* and its management enunciated ?
(1) *Janamsakhis* (2) *Japujis*
(3) *Mahima Prakash* (4) *Rahitnamas*

**52.** Consider the following pairs of authors and the books they have written and select the one which is **not** correctly matched :

| | **Author** | **Book** |
|---|---|---|
| (1) | David Lorenzen | *The Sants : Studies in a Devotional Tradition of India* |
| (2) | Charlotte Vaudeville | *A Weaver Named Kabir* |
| (3) | Linda Hess and Shukdev Singh | *The Bijak of Kabir* |
| (4) | John Stratton Hawley and Mark Juergensmeyer | *Songs of the Saints of India* |

**53.** Read the following passage, and point out the author who made the comment as indicated below :

"Muslims and Hindus travelled 100-200 *karoh's* to catch a glimpse of the court, and the pomp and splendour of the cavalcade of Sultan Balban, and were wonder-struck and arranged at the spectacle, hearing about the awe, majesty and grandeur of the court and the cavalcade, the insurgents of distant lands turned obedient".
(1) Hasan Nizami (2) Zia-ud din Barani
(3) Abul Fazl (4) Bhim Sen

**54.** "He refused to acknowledge caste distinctions or to recognise the authority of the Six Hindu Schools of philosophy, nor did he set any store by the four divisions of life (*ashrams*) prescribed for Brahmans. He held that religion (*dharma*) without devotion (*bhakti*) was no religion at all (*adharma*), and that asceticism, fasting and alms giving had no value if not accompanied by adoration (bhajana)".

The above statement of Nabhadas in his *Bhaktmāl* was made for which of the following saint ?
(1) Kabir (2) Guru Nanak (3) Dadu (4) Ravidas

**49.** निम्नांकित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है ?

(1) दखनी उर्दू का मानकीकृत साहित्यिक प्रारूप सर्वप्रथम बहमनी शासक के संरक्षणत्व में विकसित हुआ था।

(2) गेसू दराज कृत *मिराज-उल-आशिकीन* दखनी उर्दू में लिखी गई सर्वप्रथम कृतियों में से एक है।

(3) मुल्ला दाउद ने दखनी उर्दू में *चन्दायन* की रचना की।

(4) 18 वीं सदी तक उर्दू को विभिन्न नामों - हिन्दवी, दखनी, हिंदुस्तानी, रेखती से जाना जाता था।

**50.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है ?

(1) बादशाह अकबर ने गोमांस के प्रयोग पर पाबंदी लगा दी क्योंकि हिन्दु गाय को एक पूज्य पशु मानते थे।

(2) मुगल अधिकारी, थानेसर के हाजी सुल्तान द्वारा गाय की हत्या करने पर उसे दंड स्वरूप वहाँ से स्थानान्तरित कर दिया गया।

(3) 27 सितम्बर, 1582 के अकुआवीरा के पत्र में उसके द्वारा शिकायत की गई थी कि जेसुइटों को रविवार को मांस नहीं मिलता था।

(4) बादशाह औरंगजेब ने जनता को गोमांस खाने के लिए प्रोत्साहित किया।

**51.** *धर्मशाला (गुरुद्वारा)* और इसके प्रबन्धन के संबंध में खालसा सिक्खों के कर्त्तव्यों का वर्णन कहाँ किया गया है ?

(1) *जनमसाखी* (2) *जापुजी* (3) *महिमा प्रकाश* (4) *रहितनामा*

**52.** निम्नलिखित लेखकों और उनकी पुस्तकों के जोड़ों पर विचार कीजिए और जो सही सुमेलित **नहीं** है उसका चयन कीजिए :

| | **लेखक** | **पुस्तक** |
|---|---|---|
| (1) | डेविड लॉरेन्जेन | *द संत्स : स्टडीज़ इन ए डिवोशनल ट्रैडीशन ऑफ इंडिया* |
| (2) | चार्लोट वॉडविले | *ए वीवर नेम्ड कबीर* |
| (3) | लिंडा हेस और सुखदेव सिंह | *द बीजक ऑफ कबीर* |
| (4) | जॉन स्ट्रैटन हॉली और मार्क जुअर्गेन्समेयर | *सांग्स ऑफ द सेंट्स ऑफ इंडिया* |

**53.** निम्नलिखित उद्धरण को पढ़िए और बताइये कि किस लेखक ने यह टिप्पणी की :

''मुस्लिम और हिन्दु सुल्तान बलबन के दरबार और उसके कारवाँ की शान और वैभव की एक झलक पाने के लिए 100-200 *करोह* की यात्रा करते थे और उसके भव्य प्रदर्शन को देखकर अचम्भित और विस्मित हो जाते थे तथा सुल्तान के भय, प्रभुत्व और प्रताप को देखकर दूर-दराज के उपद्रवी भी आज्ञाकारी हो जाते थे''।

(1) हसन निजामी (2) जिया-उद्दीन बर्नी (3) अबुल फज़ल (4) भीम सेन

**54.** ''उन्होंने जाति विभेद को स्वीकार करने अथवा षड् दर्शन की हिन्दु विचारधाराओं के प्राधिकार को मान्यता देने से इन्कार कर दिया, न ही ब्राह्मणों के लिए विहित जीवन के चार *आश्रमों* में उनकी आस्था थी। उनका मत था कि *भक्ति* के बिना *धर्म अधर्म* है और तपस्या, उपवास तथा भिक्षा देने का कोई मूल्य नहीं है यदि इसके साथ *भजन* न हो''।

नाभादास के द्वारा *'भक्तमाल'* में दिया गया उपर्युक्त वक्तव्य निम्नलिखित में से किस संत के लिए है ?

(1) कबीर (2) गुरु नानक (3) दादू (4) रविदास

**55.** To which of his sons, Babur sent from India an inlaid dagger with belt, an inlaid ink-stand, a stool, together with alphabet of the Baburi script and fragments written in that script ?

(1) Humayun (2) Kamran (3) Askari (4) Hindal

**56.** In the following statement there is blank space and the blank space is to be filled up with the language given below :

**Statement :** "Suyurghal was a __________ word meaning charity land."

Choose the **correct** language :

(1) Turkish (2) Arabic (3) Persian (4) Pashtu

**57.** Shaikh Muhammad Ghaus of Gwalior translated treatise on yoga *'Amritkunda'* into Persian. What was it entitled ?

(1) *Yoga Qalandar* (2) *Rushdnama*
(3) *Bahr-al Hayat* (4) *Majma-al Bahrain*

**58.** The concept of Chārbāgh was brought by the Mughals. In the pairs indicated below name of the *bāgh* and the city are given. Identity the **wrong** pair :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | Roshanara bāgh | (a) | Delhi |
| (2) | Aram bāgh | (b) | Agra |
| (3) | Nishat garden | (c) | Lucknow |
| (4) | Pinjore garden | (d) | Chandigarh |

**59.** *Barabalutas* (Village servants) were divided into three rows/ *Kaas*/ *Oal* in the Deccan. Which of the following constituted the three rows ?

(1) *Thorali*, *Madhali* and *Dhakti Kaas*
(2) *Thorali, Parit* and *Dhakti Kaas*
(3) *Madhali*, *Gurav* and *Dhakti Kaas*
(4) *Gurav*, *Parit* and *Dhakti Kaas*

**60.** Given below are two statements one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)**.

Choose your answer from the **codes** given below :

**Statements :**

**Assertion (A)** : Only Arabic calligraphy, and geometrical and floral motifs carved on stone served to decorate the buildings, such stone work, however, often showed great skill, and, as part of architectural design, appears to reach the level of true art.

**Reason (R)** : This was due to Muslim prejudice against human or animal figures in the round, held to be suggestive of images.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(2) Both **(A)** and **(R)** true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(3) **(A)** is true and **(R)** is false.
(4) **(A)** is false and **(R)** is true.

**55.** बाबर ने अपने किस पुत्र को भारत से बाबुरी लिपि की वर्णमाला तथा उस लिपि में लिखित कुछ अंशों के साथ बेल्ट सहित जड़ाऊ कटार, एक जड़ाऊ दवात स्टैंड तथा एक स्टूल भेजा था ?

(1) हुमायूं (2) कामरान (3) अस्करी (4) हिंदाल

**56.** निम्नलिखित कथन में एक रिक्त स्थान है और इस रिक्त स्थान को नीचे दी गई भाषा से भरना है।

**कथन :** ''सुयुरघाल __________ शब्द है जिसका अर्थ धर्मार्थ भूमि है''।

**सही** भाषा चुनिए :

(1) तुर्की (2) अरबी (3) फारसी (4) पश्तु

**57.** ग्वालियर के शेख मुहम्मद गौस ने योग संबंधी ग्रंथ *'अमृतकुंड'* का फारसी में अनुवाद किया। इसका शीर्षक क्या था ?

(1) *योग कलन्दर* (2) रुश्दनामा (3) *बहर-अल हयात* (4) *मजमा-अल बहरीन*

**58.** चारबाग की अवधारणा मुगलों द्वारा लाई गई थी। नीचे दिए गए युग्मों में *बाग* तथा शहर के नाम दर्शाए गए हैं। ***गलत*** युग्म की पहचान करें :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | रोशनारा बाग | (a) | दिल्ली |
| (2) | आराम बाग | (b) | आगरा |
| (3) | निशात गार्डन | (c) | लखनऊ |
| (4) | पिंजौर गार्डन | (d) | चंडीगढ़ |

**59.** दक्कन में बाराबलूता (ग्राम सेवक) को तीन कतारों/ *कास/ ओल* में वर्गीकृत किया गया था। ये तीन कतारें निम्नांकित में से कौन सी थीं ?

(1) *थोराली, मधाली* तथा *धक्ती कास* (2) *थोराली, परित* तथा *धक्ती कास*

(3) *मधाली, गुराव* तथा *धक्ती कास* (4) *गुराव, परित* तथा *धक्ती कास*

**60.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक **अभिकथन (A)** है और दूसरा **तर्क (R)** है।

नीचे दिए गए **कूटों** से सही उत्तर का चयन करें :

**अभिकथन (A)** : शिलाओं पर उत्कीर्ण अरबी सुलेख तथा ज्यामितीय एवं पुष्पदार अभिप्राय से भवन सुसज्जित किए जाते थे, तथापि, इस प्रकार के शिला कार्यों से अक्सर महान् कौशल प्रदर्शित होता था तथा वास्तुकला डिजाइन के भाग के रूप में यह कला के वास्तविक स्तर का प्रतीक था।

**तर्क (R)** : यह मुसलमानों के उस पूर्वाग्रह के कारण था क्योंकि वे मानव और पशु आकृतियों के गोलाकार को आकृतियाँ समझते थे।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं किन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है और **(R)** सही नहीं है।

(4) **(A)** सही नहीं है और **(R)** सही है।

**61.** Who started the journal "Indian Antiquary' ?

(1) Sir Edwin Arnold (2) James Burgess

(3) Monier Williams (4) Sir John Marshall

**62.** Which administrator-historian of British India, disregarding James Mill's out-pour on Indian history, agreed with Vico's concept that "human nature can never be measured by common yard-stick. It differed in time and space, region to region, period to period" ?

(1) Thomas Munro (2) James Malcolm

(3) Mountstuart Elphinstone (4) James Grant-Duff

**63.** Who wrote, "The chief value of the Raja's (Raja Rammohan Roy) labour, to our mind, seems to lie in his fight against the forces of medievalism in India, and it is for this reason that we claim him the honour of being the father of the present Indian Renaissance."

(1) Keshub Chandra Sen (2) Bipin Chandra Pal

(3) Chittaranjan Das (4) Rabindranath Tagore

**64.** Who among the following was **not** a Baptist missionary of Serampore ?

(1) Dr. John Wilson (2) William Carey

(3) Jushua Marshman (4) William Ward

**65.** Which one of the following social ideals of Arya Samaj is **not** correct ?

(1) The Samaj believed in the 'Fatherhood of God and Brotherhood of man'.

(2) The Samaj defended the caste system in its existing form.

(3) The Samaj believed in 'Equality between genders - between man and man, also between man and woman'.

(4) The Samaj believed in, 'Equal opportunities for all according to their nature, actions and merit'.

**66.** Who founded the 'Parsee Gayan Uttejak Mandali' in 1870 ?

(1) Shapurji Sorabji Bengali (2) Dadabhai Naoroji

(3) Kaikhusroo Naoroji Kabraji (4) Behramji Merwanji Malabari

**67.** Of the ideological basis of the Prarthana Samaj as formulated by M.G. Ranade in his 'A Theist Confession of Faith' (1883), which of the following statements is **not** correct ?

(1) It sought to reconcile Hinduism to the spirit of progress and transform it into spiritual enlightenment as against crude superstition.

(2) It believed in idol worship and divine origin of scriptures.

(3) The Samaj drew its strength particularly from the Bhakti saints of Maharashtra.

(4) It believed in 'Fatherhood of God and Brotherhood of Man'.

**61.** निम्नलिखित में से किसने जर्नल 'इंडियन एन्टिक्वरी' शुरू की ?

(1) सर एडविन आर्नोल्ड (2) जेम्स बर्जेस

(3) मोनियर विलियम्स (4) सर जॉन मार्शल

**62.** ब्रिटिश भारत के किस प्रशासक-इतिहासकार ने भारतीय इतिहास के संबंध में जेम्स मिल के उद्‌गार की अवहेलना करते हुए विको की अवधारणा से सहमति व्यक्त की कि ''मानव स्वभाव को एक ही पैमाना से कभी भी नहीं मापा जा सकता। यह समय और स्थान, क्षेत्र-क्षेत्र और काल-काल में अलग-अलग होता है'' ?

(1) थामस मुनरो (2) जेम्स माल्कम

(3) माउन्टस्टूअर्ट एल्फिन्सटन (4) जेम्स ग्रांट डफ

**63.** ''हमारे मन में राजा (राजा राममोहन राय) के परिश्रम का सबसे बड़ा मान इस तथ्य में प्रतीत होता है कि उन्होंने भारत में मध्यकालवाद की ताकतों के विरुद्ध लड़ाई लड़ी और यही कारण है कि हम उनके लिए वर्तमान भारतीय पुनर्जागरण का जनक होने का दावा करते हैं''। यह किसने लिखा ?

(1) केशव चंद्र सेन (2) बिपिन चंद्र पाल

(3) चित्तरंजन दास (4) रविन्द्रनाथ टैगोर

**64.** निम्नलिखित में से कौन श्रीरामपुर का बैपटिस्ट मिशनरी **नहीं** था ?

(1) डा. जॉन विल्सन (2) विलियम कैरी

(3) जुशुआ मार्शमैन (4) विलियम वार्ड

**65.** आर्य समाज के सामाजिक आदर्शों में से निम्नलिखित में से कौन-सा सही **नहीं** है ?

(1) समाज का 'ईश्वर के पितृत्व और मानव के भ्रातृत्व' में विश्वास था।

(2) समाज ने जाति व्यवस्था का उसके वर्तमान रूप में समर्थन किया।

(3) समाज लिंग समानता - मनुष्य और मनुष्य, पुरुष और स्त्री के बीच भी - में विश्वास रखता था।

(4) समाज 'सबके लिए उनकी प्रकृति, कार्य और गुण-दोष के अनुसार समान अवसर' में विश्वास करता था।

**66.** निम्नलिखित में से किसने 1870 में 'पारसी गायन उत्तेजक मंडली' की स्थापना की ?

(1) शापूरजी सोराबजी बंगाली (2) दादाभाई नौरोजी

(3) कायखुसरो नौरोजी काबराजी (4) बेहरामजी मेरवानजी मलबारी

**67.** अपने 'ए थीस्ट कन्फेशन ऑफ फेथ' (1883) में एम.जी. रानाडे द्वारा प्रतिपादित प्रार्थना समाज के वैचारिक आधार के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है ?

(1) इसने हिन्दु धर्म का प्रगति की भावना से सामंजस्य बैठाने और उसको अपरिष्कृत अंधविश्वास के विपरीत आध्यात्मिक ज्ञानोदय में परिवर्तित करने का प्रयास किया।

(2) इसका विश्वास मूर्तिपूजा और धर्मग्रंथों की दैवीय उत्पत्ति में था।

(3) इस समाज को विशेषकर महाराष्ट्र के भक्ति संतों से शक्ति मिली थी।

(4) इसका विश्वास 'ईश्वर के पितृत्व और मनुष्य के भ्रातृत्व में था।'

**68.** Select the **correct** pair from the following :

(1) The All India Depressed Classes Association - 1925

(2) The All India Depressed Classes Congress - 1929

(3) The All India Depressed Classes League - 1935

(4) The All India Scheduled Caste Federation - 1941

**69.** Who prepared in 1937, the Report on vocational education as advocated by Mahatma Gandhi ?

(1) Pandit Motilal Nehru

(2) Maulana Abul Kalam Azad

(3) Acharya Vinoba Bhave

(4) Dr. Zakir, Hussain

**70.** Given below are two statements one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)** :

**Assertion (A)** : Dadabhai Nauroji deplored the exploitation of India by the British.

**Reason (R)** : He was of the view that Indian grievances should be ventilated through constitutional agitation.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true **(R)** is false.

(4) **(A)** is false **(R)** is true.

**71.** Who wrote : "Truth without humility is an arrogant caricature. There is no remedy against hypocrisy but the world cannot be fooled all the time."

(1) Mahadev Govind Ranade

(2) Gopal Krishna Gokhale

(3) Rabindranath Tagore

(4) M. K. Gandhi

**72.** Which of the following statements regarding bias in historical writings are **correct** ?

(a) Mistaken presuppositions upon which history is based can also be called biased.

(b) Mistakes in biased history are motivated and not accidental.

(c) Biased accounts do not cause misunderstanding of structures and processes they describe.

(d) Distortion in historical interpretation is motivated by an interest in making the argument appear weak.

**Codes :**

(1) (a) and (d) are correct.

(2) (b) and (c) are correct.

(3) (b) and (d) are correct.

(4) (a) and (c) are correct.

**68.** निम्नलिखित में से **सही** जोड़े को चुनिए :

(1) द ऑल इंडिया डिप्रेस्ड क्लासेज एसोसिएशन – 1925

(2) द ऑल इंडिया डिप्रेस्ड क्लासेज कांग्रेस – 1929

(3) द ऑल इंडिया डिप्रेस्ड क्लासेज लीग – 1935

(4) द ऑल इंडिया शिड्यूल्ड कास्ट फेडरेशन – 1941

**69.** निम्नलिखित में से किसने 1937 में महात्मा गांधी द्वारा यथा समर्थित व्यावसायिक शिक्षा संबंधी रिपोर्ट तैयार की ?

(1) पंडित मोतीलाल नेहरू (2) मौलाना अबुल कलाम आजाद

(3) आचार्य विनोबा भावे (4) डा. जाकिर हुसैन

**70.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक **अभिकथन (A)** है और दूसरा **तर्क (R)** है।

**अभिकथन (A)** : दादा भाई नौरोजी ने अंग्रेजों द्वारा भारत के शोषण पर दु:ख प्रकट किया।

**तर्क (R)** : उनका विचार था कि भारतीय शिकायतों को संवैधानिक आंदोलन के द्वारा अभिव्यक्त करना चाहिए।

**कूट :**

(1) दोनों **(A)** और **(R)** सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) दोनों **(A)** और **(R)** सही हैं किंतु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है और **(R)** सही नहीं है।

(4) **(A)** सही नहीं है और **(R)** सही है।

**71.** किसने यह लिखा ''विनम्रता रहित सत्य एक अहंकारपूर्ण व्यंग्यचित्र है। पाखंड का कोई उपचार नहीं है किंतु दुनिया को हर समय मूर्ख नहीं बनाया जा सकता''।

(1) महादेव गोविंद रानाडे (2) गोपाल कृष्ण गोखले

(3) रविन्द्रनाथ टैगोर (4) एम.के. गांधी

**72.** इतिहास लेखन में पूर्वाग्रह के संबंध में निम्नलिखित में कौन से कथन **सही** हैं ?

(a) गलत पूर्वधारणा जिस पर इतिहास आधारित है को भी पूर्वाग्रह कहा जा सकता है।

(b) पूर्वाग्रहग्रस्त इतिहास में त्रुटियां सोद्देश्य होती हैं और संयोगवश नहीं होती।

(c) पूर्वाग्रहग्रस्त वृत्तांत जिस संरचना और प्रक्रिया का वर्णन करते हैं वे उसके बारे में गलतफहमी नहीं पैदा करते हैं।

(d) तर्क को कमजोर दिखलाने के उद्देश्य से इतिहास की विकृत व्याख्या की जाती है।

**कूट :**

(1) (a) और (d) सही हैं। (2) (b) और (c) सही हैं।

(3) (b) और (d) सही हैं। (4) (a) और (c) सही हैं।

**73.** Match **List - I** with **List - II** and select the **correct** answer from the code given below :

| | **List - I (Author)** | | **List - II (Book)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Madhusudan Dutta | (i) | *Maiden-e-Amal* |
| (b) | Hari Narayen Apte | (ii) | *Saraswatichandra* |
| (c) | Govardhanram Tripathi | (iii) | *Madhali Sthiti* |
| (d) | Prem Chand | (iv) | *Meghanad - Vadha - Kavya* |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**74.** Match **List - I** with **List - II** and select the **correct** answer from the code given below :

| | **List - I (Performer)** | | **List - II (Form of dance)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Rukhmini Devi | (i) | Odissi |
| (b) | Mrinalini Sarabhai | (ii) | Bharatnatyam |
| (c) | Sitara Devi | (iii) | Kathakali |
| (d) | Sonal Mansing | (iv) | Kathak |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**75.** Who founded the 'Oriental School of Arts' in Bengal, which recalled the ancient past and stressed national individuality in self-expression ?

(1) Abanindranath Tagore
(2) E.B. Havell
(3) Nandlal Bose
(4) Gaganendranath Tagore

- o 0 o -

73. **सूची** - **I** और **सूची**- **II** को सुमेलित कीजिये और नीचे दिये गए कूट से **सही** उत्तर चुनिए :

| | **सूची - I (लेखक)** | | **सूची - II (पुस्तक)** |
|---|---|---|---|
| (a) | मधुसूदन दत्त | (i) | *मेदेन-ए-अमल* |
| (b) | हरिनारायण आपटे | (ii) | *सरस्वतीचंद्र* |
| (c) | गोवर्धनराम त्रिपाठी | (iii) | *मधली स्थिति* |
| (d) | प्रेम चंद | (iv) | *मेघनाद-वध-काव्य* |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

74. **सूची** - **I** को **सूची**- **II** से सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूट से **सही** उत्तर चुनिए :

| | **सूची - I (नृतक)** | | **सूची - II (नृत्य)** |
|---|---|---|---|
| (a) | रुक्मिणी देवी | (i) | ओडिसी |
| (b) | मृणालिनी साराभाई | (ii) | भरतनाट्यम |
| (c) | सितारा देवी | (iii) | कथकली |
| (d) | सोनल मानसिंह | (iv) | कथक |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

75. निम्नलिखित में से किसने बंगाल में 'ओरिएन्टल स्कूल ऑफ आर्ट' की स्थापना की, जिसने प्राचीन अतीत को याद कराया तथा आत्म-अभिव्यक्ति में राष्ट्रीय विशेषता पर बल दिया ?

(1) अबनिंद्रनाथ टैगोर (2) ई.बी. हैवेल (3) नंदलाल बोस (4) गगनेन्द्रनाथ टैगोर

- o 0 o -

**Space For Rough Work**